# लखनऊ और नोएडा में बनेंगी आर्टीफिशियल इंटेलिजेस सिटी

राब्यू, जागरण• लखनऊ: योगी सरकार आने वाले वर्ष में प्रदेश को तकनीक और नवाचार का केंद्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए तेजी से कदम बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता के नाम पत्र के माध्यम से यह प्रतिबद्धता जताई है। लखनऊ और नोएडा मे आर्टीफिशियल इंटेलिजेस (एआइ) सिटी विकसित की जाएंगी। सेमीकंडक्टर यूनिट के निर्माण की गति भी बढ़ाई जाएगी।

- मुख्यमंत्री ने अपनी पाती में दोहराया प्रदेश को तकनीक का केंद्र बनाने का संकल्प
- कहा–डेटा सेंटर क्षेत्र में प्रदेश सरकार का तीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य

योगी की पाती में कहा गया है कि सरकार का जोर सेमीकंडक्टर, एआइ और डेटा सेंटर पर रहेगा। प्रदेश को वैश्विक स्तर पर सूचना प्रौद्योगिकी और एआइ के क्षेत्र में प्रमुख केंद्र बनाने के लिए लखनऊ और नोएडा को एआइ सिटी के रूप में विकसित करने की योजना है। पिछले दिनों टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर एआइ सिटी के विकास सहित अन्य प्रस्ताव रखे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि डेटा सेंटर क्षेत्र में सरकार का लक्ष्य तीस हजार करोड़ रुपये के निवेश का है। वर्तमान में पांच हाइपर स्केल डेटा सेंटर पार्क का व्यावसायिक उपयोग शुरू हो चुका है। नौ अन्य शहरों में साफ्टवेयर टेक्नोलाजी पार्क स्थापित किए गए हैं। सुरक्षित डेटा सेंटर नीति के कारण निवेशकों का विश्वास प्रदेश में बढ़ा है। इसके साथ ही जेवर में 3700 करोड़ रुपये की लागत से सेमीकंडक्टर यूनिट का निर्माण कार्य भी चल रहा है। वहीं एआइ प्रज्ञा कार्यक्रम के माध्यम से 10 लाख लोगों को एआइ का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोशिश है युवाओं को आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में कुशल बनाया जाए।

MAGZTER